nandgaon times march-04-2.qxd 3/3/2025 11:59 PM Page 1

बजट राज्य को तेजी से विकास के पथ... पृष्ठ 2 | धर्म से विहिन व्यक्ति पशु के ... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



॥ जय श्री जलाराम ॥
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


मंगलवार, 04 मार्च 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 139, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए






## छत्तीसगढ़ में नई पहल : पहली बार हस्तलिखित बजट पेश



**छत्तीसगढ़ विधानसभा में सोमवार 3 मार्च को बजट की एक नई परंपरा शुरू की गई। वितमंत्री ओपी चौधरी ने अपना पूरा बजट भाषण 100 पृष्ठों में हाथ से लिखा हुआ पढ़ा। छत्तीसगढ़ विधानसभा में सोमवार 3 मार्च को ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला, जब वित मंत्री श्री ओपी चौधरी ने हस्तलिखित बजट पेश किया। यह पहला मौका है जब राज्य में कंप्यूटर-टाइप्ड बजट की जगह खुद वित मंत्री के हाथों से लिखा गया बजट सदन में प्रस्तुत किया। यह बजट 100 पृष्ठों की है, जिसे पूरी तरह हाथ से लिखा गया है।**

**रायपुर ।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोमवार को साय सरकार का दूसरा और प्रदेश का 25वां बजट विधानसभा में पेश किया। बजट से पहले, ओपी चौधरी ने राम मंदिर में पूजा अर्चना की, और फ्रि विधानसभा पहुंचे, जहां उन्होंने राज्य के लिए बजट पेश किया। साल 2025 के इस बजट में वित्तमंत्री चौधरी ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए सौगाते दी है। जिससे राज्य की जनता को राहत और समृद्धि की उम्मीद है।

इस बजट में प्रदेश के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जिससे उम्मीद की जा रही है कि राज्य के विकास की गति तेज होगी। बता दें कि इससे पहले 9 फ्रवरी 2024 को साय सरकार का पहला बजट पेश किया गया था, और अब साल 2025 का यह बजट नए बदलावों और सुविधाओं के साथ सामने आया है।

### पेट्रोल वेट में 1 रुपए की कमी की जायेंगी

2025 के इस बजट में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेशवासियों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने पेट्रोल में वैट में कटौती की है। साय सरकार के बजट 2025 में यह निर्णय लिया गया है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि पेट्रोल वेट में एक रुपए की कमी की जाएगी। पेट्रोल वेट घटनाए जाने के ?बाद राज्य के लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिलेगी। इससे ईंधन के दामों में कमी आएगी।

### महतारी वंदन योजना- 5500 करोड़ का प्रावधान

बजट पेश करते हुए मंत्री चौधरी ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में मोदी की गारंटी के अंतर्गत महतारी वंदन योजना के ?लिए 3000 करोड़ का प्रवधान किया गया था। जिसके बाद इस वर्ष 5500 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना ने हमारी प्रदेश की माता बहनों को आत्म सम्मान और स्वाभीमान दिया। लाखों बहने अपनी पैरों पर खड़ी हुई है। आर्थिक सशक्तिकरण से बहनों का सम्मान बढ़ा है।

### तीर्थयात्रा योजना के लिए 15 करोड़ की घोषणा

बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने तीर्थयात्रा योजना के लिए एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने इस योजना के लिए 15 करोड़ रुपये की घोषणा की है। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि डोंगरगढ़ में मां बंलेश्वरी की परिक्रमा का निर्माण होगा, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

इसके साथ ही, राजिम कुंभ के लिए 8 करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। मीलों दूर से आने वाले भक्तों के लिए यह बड़ी राहत होगी। इसके अलावा, सिंधु और कैलाश दर्शन के लिए भी बजट प्रावधान किया गया है, जो धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अहम कदम होगा।

### विश्वविद्यालयों की संख्या 4 से बढ़ाकर 25 की

बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने एक अहम घोषणा की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में पहले केवल 4 विश्वविद्यालय थे, लेकिन अब हमने उन्हें बढ़ाकर 25 कर दिया है। इस कदम को लेकर मंत्री ने कहा कि इससे राज्य में शिक्षा का स्तर बेहतर होगा और युवाओं को शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे। बजट 2025 में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने यह घोषणा की है कि सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी हुई है, अप्रैल से लाभ मिलेगा। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कई बड़े ऐलान किए। वित्त मंत्री ने बताया कि पीएम आवास योजना का सरलीकरण किया गया है। अब दोपहिया वाहन, ढाई एकड़ सिंचित जमीन, 5 एकड़ असिचिंत जमीन के साथ-साथ 15000 रुपए प्रतिमाह आय वाले हितग्राही भी योजना का लाभ पाने के लिए पात्र होंगे।। वित्त मंत्री ने बताया कि, मुख्यमंत्री मोबाइल टॉवर योजना शुरू की जाएगी। इस योजना के माध्यम से मोबाइल कनेक्टिविटी को बढ़ाने का काम होगा। न्यायालय में कंप्यूटरीकरण होगा। आबकारी विभाग में सेंट्रलाइज्ड कमांड सेंटर होगा। वहीं, अब जिलों के जीडीपी की गणना होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में तीसरा इंजन भी मिल गया है। प्रदेश की जीडीपी 21 हजार करोड़ से 5 लाख करोड़ तक पहुंच गई है। छत्तीसगढ़ का प्रति व्यक्ति आय 10 हजार से डेढ़ लाख हो गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि, रायपुर एयरपोर्ट में प्रतिदिन 6 फ्लाइट से बढ़कर 76 फ्लाइट हो गई है। रायपुर इकलौता शहर है, जहां सभी केंद्रीय शैक्षणिक संस्थान है। छत्तीसगढ़ में मेडिकल कॉलेज की संख्या 14 हो गई है। डिजिटल नवाचर को बढ़ावा देने सीएम सुशासन फेलोशिप आरंभ किया जाएगा। इसके लिए 10 करोड़ का प्रावधान है।




### वित्त मंत्री ओपी चौधरी जनसंपर्क विभाग के लिए 550 करोड़ का बजट, पत्रकारों के लिए विशेष प्रावधान

**रायपुर ।** राज्य सरकार ने जनसंपर्क विभाग के लिए 550 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जिससे शासन की योजनाओं और कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाई जाएगी। इस बजट में पत्रकारों और मीडिया से जुड़े व्यक्तियों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं।

**पत्रकारों के लिए विशेष प्रावधान:** प्रेस क्लब भवन का नवीनीकरण - रायपुर में प्रेस क्लब भवन के नवीनीकरण के लिए 1 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

पत्रकार साथियों के एक्सपोजर विजिट ङ्क पत्रकारों के अनुभव और जानकारी को बढ़ाने के लिए 1 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। पत्रकार कल्याण निधि में वृद्धि - पत्रकार साथियों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए, पत्रकार कल्याण निधि की राशि को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये कर दिया गया है।

**प्रवासी सम्मेलन का आयोजन** -इस बजट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में 'प्रवासी सम्मेलन' आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया है। सरकार के इस निर्णय से पत्रकारिता क्षेत्र को लाभ मिलेगा और मीडिया जगत को नए अवसर प्राप्त होंगे।

### बजट 2025 में बड़े ऐलान

- रायपुर से दुर्ग तक मेट्रो रेल सर्वे के लिए 5 करोड़ का प्रावधान।
- 600 से अधिक इंजीनियर्स की भर्ती।
- NIFT (नेश्नल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग) के लिए 50 करोड़।
- मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के लिए 500 करोड़।
- एयरपोर्ट के विकास के लिए 40 करोड़।
- महतारी सदन योजना के लिए 50 करोड़।
- प्रधानमंत्री आवास के लिए 8500 करोड़।
- 6 नए फिजियोथैरेपी कॉलेज शुरू किए जाएंगे।
- डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए 40 करोड़ का प्रावधान
- वित्तीय प्रबंधन के लिए 45 करोड़।
- फूड पार्क के लिए 17 करोड़ का प्रावधान।
- स्वास्थ्य के क्षेत्र के लिए 1500 करोड़ का प्रावधान
- रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में IVF टेक्नोलॉजी केंद्र बनेगा। 10 करोड़ का प्रावधान।
- रायपुर के सरोना में 100 बिस्तर अस्पताल बनेगा।
- 4 योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के लिए 13 करोड़।
- माना कैंप रायपुर में दिव्यांगों के लिए विशेष विद्यालय भवन के लिए 5 करोड़।
- भारत माता वाहिनी अंतर्गत नशा मुक्ति केंद्र संचालन के लिए 10 करोड़।
- सरगुजा में बांस की खेती के लिए 10 करोड़।
- जयपुर पर्यटन सर्किट के लिए 10 करोड़।
- बस्तर और सरगुजा विकास प्राधिकरण के लिए 50-50 करोड़।
- पीएम सूर्यघर योजना के लिए 200 करोड़।
- पांच नए साइबर थाने खोले जाएंगे।
- सरगुजा में स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज।
- कोंडागांव का एथेनॉल प्लांट इसी साल शुरू होगा।
- इको टूरिज्म बस्तर के लिए 10 करोड़।

## वित्त मंत्री ने रमन सिंह के राजनांदगांव को 600 करोड़ का दिया तोहफा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय सरकार के मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट पर खुशी प्रकट करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने बजट को राजनांदगांव की जनता के लिए अविस्मरणी एवं क्षेत्र के विकास के लिए ऐतिहासिक बजट बताया है। डॉ सिंह ने कहा कि बजट में साय सरकार ने राजनांदगांव के हितों का पूरा ध्यान रखा है। श्री सिंह ने कहा कि बजट में 2000 सीटर ऑडिटोरियम हॉल का प्रावधान किया गया है,राजनांदगांव में नालंदा परिसर हेतु 11 करोड़ का बजट में प्रावधान किया गया है, इससे सभी प्रकार के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी करने हेतु ई क्लास एवं लाइब्रेरी की निशुल्क सुविधा उपलब्ध होगी। पारीकला से गठला बाईपास हेतु बजट में 21 करोड़ का प्रावधान किया गया है, इससे खैरागढ़ से सीधे जी रोड आने में लोगों को आसानी होगी। शिवनाथ नदी में ग्राम बाकल से भरेगांव तक दोनों तरफ तट संरक्षण कार्य हेतु 140 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। पेयजल हेतु चौकी एनीकट से मोहारा एनीकट तक पाइपलाइन के माध्यम से पानी लाने हेतु 150 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है, जिससे हजारों किसानों को सिंचाई हेतु पेयजल उपलब्ध होगा।

लस्ती फीडर जलाशय जिला खैरागढ़ में नहरो का निर्माण हेतु 220 करोड़ रुपए बजट में प्रस्तावित किए गए हैं। जिससे इस क्षेत्र के किसानों को सिंचाई में लाभ प्राप्त होगा, इसी तरह से सुकूलदेहांन क्षेत्र के कई सूखाग्रस्त गांव को पानी की समस्या भी दूर होगी।

डॉ रमन सिंह ने कहा कि प्रस्तुत बजट में विकास के कई कार्यक्रम के साथ साथ विकास की योजनाओं के लिए प्रावधान है,साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में, पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए, युवाओं की दृष्टि से, मात्रशक्तियों के सम्मान बढ़ाने की दृष्टि से, एवं उद्योग या लघु उद्योग के माध्यम से इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को ध्यान रखते हुए समूचे छत्तीसगढ़ के पांचो संभाग में समुचित रूप से विकास के अनेक प्रावधान किए गए हैं, जो बजट में घोषित योजनाओं के माध्यम से परिलक्षित होती हैं।



**रमन सिंह के प्रयास से राजनांदगांव में अब होगा विकास ही विकास**

डॉ रमन सिंह ने कहा कि बजट में विकसित भारत अभियान को ध्यान में रखते हुए गांव की मूलभूत समस्याओं के क्रियान्वयन का विशेष प्रस्ताव रखा गया है। राजनांदगांव की जनता को जहां विगत 5 वर्षों तक कांग्रेस सरकार ने किसी भी बड़ी योजना से वंचित रखा था इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए राजनांदगांव के लिए विशेष ध्यान दिया गया है, इस हेतु वे राजनांदगांव की जनता की ओर से विष्णु देव साय एवं ओपी चौधरी को धन्यवाद देना चाहते हैं।

### शहर की पेयजल समस्या समाप्त होगी

डॉ रमन सिंह ने बताया कि चौकी एनीकट से मोहारा एनीकेट तक पानी छोड़े जाने पर कई गैलन पानी बीच में ही बर्बाद होता था, इस हेतु एनिकेट से पानी लाने के लिए पाइप लाइन के माध्यम से 150 करोड़ का बजट में प्रावधान किया गया है, जिसे शुद्ध पेयजल सीधे ही मोहारा पहुंचेगा, इससे शहर की पेयजल समस्या हल होगी।

### खैरागढ़ ओवरब्रिज रोड पर जाम की समस्या होगी हल

पारीकला से गठला बाईपास हेतु प्रस्तावित बजट में 21 करोड़ का प्रावधान किया गया है,जिसके निर्माण से अधिकांश गाड़ियो का परिवहन बायपास रोड से होगा जिससे खैरागढ़ फ्लाईओवर पर जाम की समस्या समाप्त होगी।

### 500 सीटर प्रयास आवासीय विद्यालय का होगा निर्माण

डॉ रमन सिंह ने बताया कि बजट में आदिवासी आवासीय विद्यालय हेतु 500 सीटर भवन का निर्माण अब जल्द ही पूरा किया जाएगा,इस हेतु बजट में प्रावधान किया गया है।

## श्रीमदभागवत कथा के तीसरे दिन अभिषेक कृष्ण शास्त्री जी का संदेश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री जी ने नगर वासियों को एक सुंदर संदेश दिया। उन्होंने कहा, मन शुद्ध होने पर जीव सुख-दु:ख से मुक्त हो जाता है और सम अवस्था में आ जाता है। उन्होंने आगे कहा, तब जीव अपने ज्ञान-वैराग्य और भक्ति से युक्त हृदय से आत्मा को प्रकृति से परे देखता है। पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री जी ने यह भी कहा, योगियों के लिए भगवत्प्राप्ति के लिए श्रीहरि की भक्ति से बढ़कर कोई शुभ मार्ग नहीं है। उन्होंने आगे कहा, सांसारिक संगति और आसक्ति आत्मा को बंधन में डाल देती है, लेकिन जब यह आसक्ति संतों और महापुरुषों के प्रति हो जाती है, तो वही मोक्ष का मार्ग बन जाती है। पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री जी ने रक्त दान के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, दान में तो सभी दान महत्वपूर्ण है, पर जो रक्त दान है वह इस कलयुग में बहुत ही सुंदर है। उन्होंने आगे कहा, हम अपने शरीर को कष्ट देकर भी रक्त दान कर सकते हैं, जिससे वह तुरंत स्वस्थ होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे और उन्होंने पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री जी के संदेश को ध्यान से सुना।



# बजट राज्य को तेजी से विकास के पथ पर ले जाने और 2030 के लक्ष्यों की ओर अग्रसर करने का संकल्प

## बजट 'गति' गुड गवर्नेंस, अधोसंरचना, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ पर केन्द्रित, राजनांदगांव जिले में बजट को लेकर जनमानस में हर्ष व्याप्त










**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार के दूसरे साल का बजट विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस वर्ष का बजट 'गति' गुड गवर्नेंस, अधोसंरचना, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ पर केन्द्रित है। यह राज्य का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। राजनांदगांव जिले में बजट को लेकर जनमानस में हर्ष व्याप्त है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि बजट से विकास एवं जनकल्याण के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह बजट राज्य को तेजी से विकास के पथ पर ले जाने और 2030 के लक्ष्यों की ओर अग्रसर करने का संकल्प है। यह नवाचार, अधोसंरचना और समावेशी विकास को प्राथमिकता देने वाला बजट है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम केसला के कृषक श्री प्रज्ञानंद मौर्य ने बजट में कृषक उन्नति योजना के तहत 10 हजार करोड़ रूपए की घोषणा किए जाने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन किसानहितैषी है और लगातार कृषकों के लाभ के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि पंपों के विद्युतीकरण के लिए 50 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया ह09ै। इससे किसानों को किसानों को खेती-किसानी में बहुत फायदा मिलेगा। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत 600 करोड़ रूपए के प्रावधान किए जाने पर शासन की प्रशंसा की।

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोखला के किसान श्री गोवर्धन लाल साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने किसान भाईयों के लिए अच्छा बजट पेश किया है। किसान, महिला, व्यापारी सभी वर्गों के लिए बड़ा बजट प्रस्तुत किया गया है। वही कृषक उन्नति योजना के तहत 10 करोड़ रूपए का प्रावधान करने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री सचिन अग्रहरि ने इस बजट में पत्रकार सम्मान निधि की राशि दोगुना करने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पत्रकारों के हित को ध्यान में रखते हुए एक अच्छी पहल की गई है। बजट से युवाओं में भी खुशी है। राजनांदगांव शहर के बजरंगपुर-नवागांव निवासी श्री घमेन्द्र साहू ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कहा कि छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद यह सबसे बड़ा बजट 1 लाख 65 हजार करोड़ रूपए का बजट है। बजट में अच्छे प्रावधान किए गए हैं। ज्ञान के लिए गति की ओर अग्रसर बजट है, जो समावेशी विकास को प्रदर्शित करता है। राजनांदगांव जिले में एक नये 500 सीटर आवासीय स्कूल भवन के लिए प्रावधान किया गया है तथा नालंदा पुस्तकालय का प्रावधान किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री को साधुवाद दिया। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा सुश्री लता साहू ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा हस्तलिखित यह सबसे बड़ा बजट है, जिसमें किसान, बुजुर्ग, महिला, बच्चे सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बजट में रायपुर में नालंदा पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी। वहीं छात्रवृत्ति योजना, केन्द्रीय पुस्तकालय, राज्य छात्रवृत्ति योजना के तहत 150 करोड़ रूपए तथा केन्द्रीय पुस्तकालय के लिए 115 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्यौहारे ने कहा कि बजट में राज्य के शासकीय कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित की गई है। अब शासकीय सेवकों को 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त होगा जो केन्द्रीय कर्मचारियों के बराबर है। शासकीय सेवकों को दिए गये सौगात से समस्त अधिकारी-कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। छत्तीसगढ़ शासकीय अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन द्वारा मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष एवं वित्तमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। राजनांदगांव शहर की मोतीपुर निवासी श्रीमती योगिता सेन ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत बजट में 5500 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। महिलाओं के लिए शासन की यह अनोखी योजना उनके आर्थिक सशक्तिकरण एवं विकास की दिशा में महत्वपूर्ण है। इस बजट के माध्यम से महिलाओं को अबाध गति से शासन की इस योजना का लाभ मिलता रहेगा। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री को शुक्रिया कहा। राजनांदगांव शहर की नंदई चौक निवासी श्रीमती रंजु जाटव ने कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए वरदान के समान है। जिससे उन्हें ऊर्जा मिल रही है। नये बजट में महतारी वंदन योजना के तहत 5500 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को बहुत मदद मिल रही है।

## बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को शाला परिवार द्वारा शुभकामनाएं दी गई



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बडगांव चार भांठा में 12 वी की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को शाला परिवार द्वारा विद्यालय में तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कर परीक्षा स्थल महरूम के लिए रवाना किया गया । इस कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आर के पटेल पी डी सिन्हा के के सिन्हा ए के निषाद नवदीप देवांगन रीता गुप्ता जे निषाद कुसुमलता ठाकुर उपस्थित थे।

## गरिमामय समारोह में भूमि पूजन संपन्न



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनेसरार में संत गुरु घासीदास सांस्कृतिक मंगल भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन गरिमामय समारोह संपन्न हुआ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा स्वीकृत 10 लाख रुपए से यह भव्य भवन जल्द ही बनकर तैयार हो जाने की उम्मीद हैजानकारी के अनुसार सोनेसरार मे आज आयोजित भूमि पूजन समारोह में नवनिर्वाचित सरपंच गिरधारीराम साहू, पंच मोहनलाल साहू,पंच देवकुमार निषाद पंच गणपत विश्वकर्मा ग्राम विकास समिति सचिव भानुराम साहू, पूर्व सरपंच बलिराम साहू पूर्व सरपंच भुवन लाल साहू यादव राम साहू मुकेश साहू ,रोहित कुमार साहू विशेष तौर से उपस्थित थे कार्यक्रम में सामाज प्रमुख जनो से जिला सतनामी पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक अधिवक्ता अमित देशलहरे, शंभू महलेश्वर अमर देशलहरे,अजय देशलहरे,बसंत महलेश्वर, प्रयाग देशलहरे, विजय देशलहरे श्रीमती तोषण देशलहरे तमेश्वरी देशलहरे, पृथ्वी सिंह देशलहरे अनाया देशलहरे बड़ी संख्या में ग्रामीण जन आदि उपस्थित थे।

**शुभांक**

**3-5-8**

**778-2 588-1**

**भाग्यांक**

**269-7 180-9**

# सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार द्वारा 29 मार्च को बालाजी मंदिर गंज लाईन से निकाली जायेगी धूम-धाम से हिन्दू सनातन एकता यात्रा




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार द्वारा दिनांक 2 मार्च को बालाजी मंदिर पुरानी गंजलाईन में दोपहर 3 बजे आवश्यक बैठक हुई जिसमें सभी सनातनी बंधुओं व सर्व हिन्दू समाज व सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं में उक्त बैठकों में हिस्सा लेकर सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया कि हिन्दू नवर्ष के चैत्र नवरात्र के पूर्व संध्या पर दिनांक 29 मार्च को बालाजी मंदिर पुरानी गंज लाईन से दोपहर 3 बजे धूम-धाम से हिन्दू सनातन एकता यात्रा निकालने का सर्व सहमति से निर्णय लिया गया। सभा की शुरूवात हरीश गांधी जी के महाउद्बोधन से हनुमान चालीसा के पाठ से शुभांरभ किया गया। सभा का संचालन सौरभ खण्डेलवाल द्वारा संचालन करते हुए बैठक की अध्यक्षता डॉ. डी.सी.जैन ने किया। सर्वप्रथम बैठक उद्बोधन में छ.ग. सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने कहा कि धर्मो रक्षति रक्षिता: कहते हुए कहा कि हम सब धर्म की रक्षा करेगें तो धर्म हमारी रक्षा करेगा। वह प्रयागराज में आज सनातन की एकता की मिसाल देते हुए कहा कि अब पूरे हिन्दूस्तान में सभी सनातनी बंधु एक होते जा रहे है। और कहा कि हम सब हिन्दू भाईयों को जात-पात की करो बिदाई हम सब हिन्दू भाई-भाई का संज्ञान देते हुए सभी को 29 मार्च की हिन्दू सनातन एकता यात्रा में सभी धार्मिक व सामाजिक सर्व हिन्दू समाज को अपने-अपने समाज में नवयुवक व महिला मंडल की बैठक बुलाकर हिन्दू सनातन एकता यात्रा में पहुँचने की अपील की। उक्त उद्बोधन के बाद डॉ.डी.सी.जैन, राकेश इंद्रभूषण ठाकुर, राकेश ठाकुर, मनोज बैद, सुदेश देशमुख, शिव वर्मा, राजेश शर्मा (सैनिक),राधेश्याम गुप्ता, प्रियंक सोनी,सुनील वाजपेयी,राजकुमार शर्मा,रामशरण वैष्णव, संजय सोनी, जय नारायण सिंह, हरीश गांधी, गणेश देवांगन, संतोष निषाद मुकेश द्विवेदी, पंकज गुप्ता,मौसमी शर्मा, ममता शर्मा, ज्योति खण्डेलवाल, आदि सभी ने उद्बोधन में हिन्दू सनातन एकता यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में सभी धार्मिक व सामाजिक व सर्व हिन्दू समाज से चैत्र नवरात्र की पूर्व संध्या में निकलने वाले हिन्दू सनातन यात्रा में आने की अपील की है।उक्त बैठक में उद्बोधन के अलावा रामअवतार जोशी, मुकेश द्विवेदी, हेमंत खण्डेलवाल, रितेश जैन, अभिषेक सोनी, संतोष बालाजी, संजय शर्मा, सूरज गुप्ता,योगेश साहू, शैलेन्द्र तिवारी, शरद गुप्ता, मीना पाण्डेय, सविता जोशी व अत्यधिक संख्या में सनातनी बंधुओं ने हिस्सा लिया। आभार प्रदर्शन प्रियंक सोनी ने किया उपरोक्त जानकारी मौसमी शर्मा ने दी।

# विधायक दलेश्वर साहू के खिलाफ निंदा प्रस्ताव का खंडन



**राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला साहू संघ राजनांदगाँव की 2 मार्च रविवार को जिला साहू सदन मे आयोजित महत्वपूर्ण बैठक मे विधायक दलेश्वर साहू के खिलाफ निंदा प्रस्ताव व सामाजिक कार्यक्रमों में बहिष्कार संबधित समाचार पत्रो मे प्रकाशित खबर का खंडन करते हुए तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। सामाजिक बैठक में इस प्रकार का कोई निर्णय नहीं लिया गया है । न ही कोई ऐसा प्रस्ताव पारित हुआ है जिसमे विधायक दलेश्वर साहू को किसी भी सामाजिक कार्यक्रम नही बुलाने का निर्णय लिया हो। जिला साहू संघ की बैठक मे मौजूद रहे जिला साहू के उपाध्यक्ष द्वय शैलेन्द्र साहू व श्रीमति नीरा साहू ने बताया कि दलेश्वर साहू एक सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिष्ठित व्यक्ति है जिनका समाज को हमेशा सहयोग मिलता है, समाज विकास मे उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। उनके ऊपर लगाया गया आरोप सिर्फराजनीतिक है अध्यक्ष श्री भागवत साहू जी समाज के अध्यक्ष के साथ साथ जिला कांग्रेस कमेटी का भी अध्यक्ष है और उनका व्यक्तिगत विचार हो सकते है। जो बैठक मे पारित ही नही हुआ है उसे जबर्दस्ती जोड़ तोड़कर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झूठी खबर प्रकाशित कराने की निंदा की जाती है। राजनीतिक लड़ाई का सामाजिक निर्णय बताना उचित नही है। द्वय उपाध्यक्षो ने कहा की व्यक्तिगत आरोपों से हमें और समाज को कोई लेना-देना नहीं है। बैठक मे हुए निर्णय अनुसार अंगामी 25 मार्च को मां कर्मा जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाने का निर्णय लिया गया है इसी प्रकार 9 मई को प्रति वर्ष अनुसार मां भानेश्वरी माता के कर्म स्थली ग्राम सिंघोला में श्रद्धा पूर्वक जयंती मनाई जाएगी ।उन्होंने बताया की ग्राम पर परिक्षेत्र तहसील का चुनाव 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक कराए जाने का निर्णय लिया गया है मां कर्मा जयंती समारोह एवं सम्बद्धता शुल्क लिए जाने का भी निर्णय लिया गया है जयंती समारोह के आयोजन की रूपरेखा तैयार करने अंगामी दिनों में 10 सदस्य टीम के द्वारा बैठक कर महामंत्री नीलमणि साहू उपाध्यक्ष शैलेंद्र साहू नीरा साहू, माधव साहू चंदन साहू द्वारा निर्णय लिया जायेगा। उक्त बैठक में जिला अध्यक्ष भागवत साहू उपाध्यक्ष द्वय श्रीमती नीरा साहू ,शैलेंद्र साहू ,कोषाध्यक्ष नोबेल, साहू ,महामंत्री नीलमणि साहू तहसील अध्यक्ष भुनेश्वर साहू श्रीमती अंजू साहू मंथिर साहू लक्ष्मण साहू संरक्षक मोती साहू, नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, संगठन सचिव चंदन साहू ,मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, देवेंद्र साहू कर्मचारी प्रकोष्ठ से परदेसी साहू यशवंत साहू, हेमनाथ साहू, नरेंद्र साहू, इतवारी साहू, व डॉक्टर महेश साहू लक्ष्मी नारायण साहू विनय साहू ज्ञानचंद साहू सचिव सूर्य मिलापा दास साहू अध्यक्ष न्याय प्रकोष्ठ, पूर्णिमा साहू कविता साहू, हमदीप साहू, डाइजेश साहू ,पुरुषोत्तम साहू सहित अनेक गणमान्य सामाजिक व्यक्ति उपस्थित थे। इधर विधायक दलेश्वर साहू के संबध मे जिला साहू संघ के द्वारा तथाकथित निंदा प्रस्ताव व सामाजिक बहिष्कार संबधी प्रकाशित समाचार का खंडन तहसील अध्यक्षगण हंसराज साहू डोंगरगढ, भुनेश्वर साहू छुरिया, हेमंत साहू डोंगरगांव, लक्ष्मण साहू लालबहादुर नगर, ने किया तथा ऐसे भ्रामक समाचार प्रकाशित कराने वाले जो भी व्यक्ति हो उनके उपर कडी कार्यवाही किए जाने की मांग छत्तीसगढ प्रदेश साहू संघ से की जाएगी।

## पंचायत प्रतिनिधियों को दिया गया शपथ



**डोंगरगढ़( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड के ग्राम पंचायत अछोली में जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आलोक सातपुते, करारोपण अधिकारी छत्रपाल ठाकुर, माध्यमिक शाला प्रधान पाठक मोहनलाल साहू, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक ललित कुमार साहू, सहायक शिक्षक नीरज सिंह, ग्राम पटेल घनश्याम साहू, उपकार दास साहू, रिको राज वर्मा भारती साहू कमल किशोर साहू, अरेन दास साहू, योधन दास, अरविंद खोभा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भानुमति साहू, शांति बंजारे, रीता भादुड़ी, सुनीता बांसोड़,की गरिमामई उपस्थिति में निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि सरपंच नंदकुमार साहू के शपथ ग्रहण कार्यक्रम आरंभ किया गया, सर्वप्रथम भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर फूलमाला के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आरंभ किया गया, कार्यक्रम के प्रथम चरण में पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को तिलक एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया तत्पश्चत उपस्थित जनपद सीईओ आलोक सतपुते द्वारा नवनिर्वाचित सरपंच नंदकुमार साहू, पंच मूलचंद साहू, खेमचंद सहारे, श्रीमती सुप्रिया रानी गुप्ता, खिलेश्वरी साहू, मुन्नाराम यादव, ज्योति नेताम, पारख साहू, पुखराज साहू, सुनीता साहू, पूर्णिमा साहू , भंवर सिंह गोंड, सूर्य मानिकपुरी, भागचंद वर्मा, खुशबू साहू, ईश्वरी साहू, मोहनिश साहू, वंदना यूईके, जीना सांदेकर,को छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के प्रावधानों के अनुरूप शुद्ध अंत:करण से बिना किसी पक्षपात के ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए शपथ दिलाया गया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल लखोली, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**स्थल जांच सूचना**

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव के ज्ञापन कमांक 125 / प्र-1/तह./2024**

राजनांदगांव दिनांक 14/01/2025 के अनुसार आवेदक अमन पिता मुकेश गुप्ता निवासी स्टेशनपारा राजनांदगांव द्वारा ग्राम लखोली प.ह.नं. 42 खसरा नं. 53/41 रकबा 0.014 हे0 के भूमि का स्थल जॉच गठित दल द्वारा दिनांक 12/03/2025 दिन बुधवार को समय 11.00 बजे से किया जाना है।

आवेदित भूमि से लगे भूमिस्वामीयों एवं हितबद्ध पक्षकारो को उक्त तिथि को भूमि से संबंधित दस्तावेज सहित उपस्थित होना अनिवार्य है।

1. आवेदक अमन पिता मुकेश गुप्ता निवासी स्टेशनपारा राजनांदगांव।
2. श्री सुरेश सुराना पता हॉट बाजार, राजनांदगांव।
3. श्री इन्दरपाल सिंह पता डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव।
4. श्रीमती रत्नाकला शेण्डे ध.प. स्व. शोभाराम शेण्डे पता मोतीपुर, राजनांदगांव।
5. श्री कादिर खान पता गौरीनगर, राजनांदगांव।
6. श्री श्यामस्वरूप गुप्ता पिता रामस्वरूप गुप्ता पता जी.ई. रोड़ राजनांदगांव।
7. हल्का पटवारी (पटवारी हल्का नंबर 42)। सूचना

**जारी दिनांक:- 03/03/2025**

**राजस्व निरीक्षक**

**रा.नि.मं. लखोली**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

क्र./ प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2025 राजनांदगांव, दिनांक 21/02/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक... महावीर इन्फ्राकॉन प्रा0 लि0 डायरेक्टर विनोद बोहरा पिता श्री जेठमल जी बोहरा, निवासी सन् सिटी, कंचनबाग, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम पनेका, पटवारी हल्का नंबर 29, खसरा नंबर 112/3 रकबा 0.1920 हेक्टेयर के आवासीय कॉलोनी प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋष्टा पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्?घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 08/03/202 न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल ठाकुरटोला**

**तह. राजनांदगांव, जि. राजनांदगांव**

**सूचना पत्र**

क्रं./क्यू.रा.नि 2025 राजनांदगांव दि. 03.03.2025

प्रति, 1. ओमप्रकाश पिता भूपेन्द्र
2. मुकेश कुमार पिता रामप्रसाद
3. ईशांत खंडेलवाल पिता- संतोष
4. अर्चना तिवारी पति सत्येन्द्र
5. चंद्रमणी पति श्यामनन विनोद

विषय :सीमांकन/बटांकन के समय मौके पर उपस्थित रहने बाबत.

विषयांतर्गत लेख है कि तहसीलदार / नायब तहसीलदार महोदय के आदेशानुसार ग्राम मनकी मनकी प.ह.नं. 57 रा.नि.मं. ठाकुरटोला में स्थित खसरा नम्बर 3/5, 3/8 रकबा 0-057, 0.121 आवेदक अर्चना तिवारी पति सत्येंद्र का दिनांक 11/03/2025 को समय दोपहर 2:00 बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

अतः आवेदक/अनावेदक (समीपस्थ कृषक), ग्रामवासी एवं ग्राम का सरपंच, पटेल, कोटवार आदि के साथ अपने स्वत्व संबंधी कागजात तथा चिन्हांकित करने हेतू खूंटी व दो मजदूर सहित मौके पर उपस्थित होवे। सूचना तामिली पश्चात अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय सीमांकन की कार्यवाही की जावेगी।

दि. 03.03.2025

**राजस्व निरीक्षक ठाकुरटोला**

# गर्मी में लोगों के प्यास बुझाने के लिए देसी फ्रीज व मिट्टी का थरमस तैयार कर रहे हैं सोनऊराम कुम्हार के परिवार

### पुरा परिवार अपने पुस्तैनी काम का संभालकर कर रहे हैं जीवकार्पण



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव नगर में सालों से करीब सौ से अधिक परिवार मिट्टी के सामान बनाते आ रहें है और यहीं उनकी रोजगार का मुख्य स्त्रोत है। पुराने समय में कुंभकार केवल खपरैल, दीया और मटकी आदि बनाया करते थे। जागरूकता आने और मिट्टी कला में बदलाव के बाद कुछ कुंभकारों ने समय और आधुनिकता व लोगों की पसंद में बदलाव को देखते हुए उपयोगी और सजावट के समान बनाकर उन्हें बेचना शुरू कर दिया है। इनके द्वारा बनाये गये नये नये डिजाईन के समानों को लोग काफी पसंद भी कर रहें है, किन्तु दलालों के माध्यम से बिक्री होने के कारण कुंभकारों को उनकी मेहनत का सही दाम तो मिल नहीं पा रहा है और साथ ही उनकी कला भी उभर नहीं पा रही है।

### गर्मी को देखते हुए तैयार कर रहे हैं देसी फ्रीज व मिट्टी के थरमस

गर्मी के शुभारंभ हो चुका है ऐसे में प्यास बुझाने के लिए लोग ठंडा पानी से गला तारने के लिए देसी फ्रीज के नाम से मशहूर मटका का उपयोग करते हैं जो हर आदमी के बजट में होता है और इस रोजगार मौके को कुम्हार परिवार भली भांति परिचित होते हैं इसलिए गर्मी से पहले कुम्हार दिन रात मेहनत कर मिट्टी से मटका तैयार कर रहे हैं साथ ही मिट्टी के थरमस भी तैयार कर रहे हैं जिसमें में पानी रखने से पानी शीतल मय रहता है । इस पूरे कार्य में सोनउ राम कुम्हार के छोटे पुत्र देवेन्द्र कुम्हार का योगदान सबसे ज्यादा रहता है देवेन्द्र ने बताया कि उनके पास राजनांदगांव दुर्ग भिलाई रायपुर राजिम खैरागढ़ और कवर्धा तक अभी से मटका और थरमस की मांग आ रहा है वर्तमान में लगभग 2500 मटका व 2000 थरमस तैयार कर रहे हैं।

**हुनर का जवाब नहीं**- डोंगरगांव के माटी शिल्पकार सोनऊराम , सोनईबाई, लीला, गजेन्द्र, बलराम, देवेन्द्र आदि ने बताया कि वे कई पिढ़यों से मिट्टी के समान बनातें आ रहें है। पहले उनके परिजन मटकी, दिया, ज्योतिकलश और खपरैल बनाया करते थे। लोगों की रूचि में आए बदलाव के बाद वह अब युनिट चॉक के माध्यम से कलश, लोटा, कण्डिल, लैंप दिया, कछुआ दिया, शिवलिंग, अनानास, गुलदस्ता, कप-प्लेट, गिलास, कुकर, नारियल, पूजा दिया, अगरबत्ती स्टैण्ड, हाथी, घोड़ा, घंटी, गमला आदि सुंदर एवं मनमोहक मिट्टी के सामान लोगों को काफी पसंद आते है। माटी शिल्पकारों ने बताया कि इन समानों से जीविकोपार्जन लायक आमदनी हो जाती है, किंतु प्रशासन प्रशिक्षण के साथ सुनिश्चित बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास करतें तो आमदनी बढ़ेगी और साथ ही उनकी कला में निखार भी आएगा। इससे हमारे बच्चे जो कि होटल, दुकान में रोजी मजदूरी कर रहें है वे प्राचीन कला और हमारी पुस्तैनी कारोबार को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## ज्ञान मंथन

*1) तेलगु कविता के पिता कौन है?*

*2) भारत-डेनमार्क ने नदी की सफाई के लिए कौन सी परियोजना शुरू की है?*

*3) कितने वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार मिले हैं?*

*4) शनि ग्रह का सबसे बड़ा उपग्रह का नाम क्या है?*

*5) हाल ही में अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी का नाम क्या है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) अल्लासानी पेद्दाना (2) एसएलसीआर (3) 33 (4) टाइटन (5) रौनक दहिया

# धर्म से विहिन व्यक्ति पशु के समान है : अर्पित भाई शर्मा. पंडित

## भगवन नाम संकीर्तन समस्त पापों से मुक्ति दिलाता है



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की कथा विस्तार से बताते हुये यज्ञ की महत्ता बताई। सती चरित्र की कथा का वर्णन करते हुये आचार्य श्री ने कहा की यज्ञ भगवान नरायण का ही स्वरूप है इसिलिये यज्ञ पूरा होने पर हम यज्ञ नारायण भगवान की जय कहा करते है। जब व्यक्ति अपने प्रत्येक क्रिया को प्रभु चरणों में निवेदित कर देता है तब वह क्रिया यज्ञ बन जाती है। सफाई कर्मी सफाई करते समय धन के लिये नही वरन आम लोगों के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखते हुये यह भाव रखता है कि मैं राष्ट्र कार्य कर रहा हूँ तब उसका यह कार्य यज्ञ बन जाता है। मजबूरी में कभी कोई काम ना करें मजबुरी में किया काम मजदूरी बन जाता है। आनंद के साथ किया गया कार्य परमेश्वर की प्राप्ति का कारण बन जाता है। सर्व कल्याण के लिये किया गया कार्य यज्ञ है। जो परमेश्वर को प्राप्त होता है। उक्त उदगार आज श्री अग्रसेन भवन में आयोजित श्रीमदभागवत महापुराण सप्ताह के चतुर्थ दिवस व्यासपीठ पर विराजित अंचल के सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा ने व्यक्त किये।

पंडित अर्पित भाई शर्मा ने आगे कहा कि दुनिया का नाम संसार है। संसार का तात्पर्य है जो पल- पल सरक रहा है। हमारे पूर्वजों के कारण आज सनातन संस्कृति जीवित है। संस्कार का तात्पर्य है जो हमें श्रेष्ठ बनाये। मनुष्य खाता, सोता है उसी तरह पशु भी खाते है, सोते हैं। किन्तु एक मात्र धर्म है जो मनुष्य को पशु से अलग करता है। जो व्यक्ति धर्म से विहिन है वह पशु के समान है।धर्म केवल पूजा नही है वरन दया करना, निर्धन की सेवा करना धर्म है। धर्म से अर्थ की ओर बढ़ते है तब अधर्म सामने आता है। झुठ, दंभ, हिंसा, माया, गाली ये अधर्म के लक्षण है। धर्म से कमाया धन सेवा कार्य में लगाकर अग्रवाल समाज पूरे देश में अनेक सेवा कार्य कर रहा है। लोक कल्याण की सेवा चल रही है। यह अभिनंदनीय है यह अर्थ का सदुयोग है। पूज्य शर्मा ने कहा कि बच्चों को धर्म से जोडें धर्म से अर्थ होना चाहिये। धुव्र चरित्र की कथा का वर्णन करते हुये कहा कि उत्तानपाद की दो पत्नियां सुनिती एवं सुरूचि थी। सुनिती का अर्थ है धर्म के अनुसार चलना वहीं सुरूचि का तात्पर्य है अपने मन में आये वह करना। हमें धर्म का पालन करने सुनिती के मार्ग पर चलना चाहिये। जिसके पास जितनी मोओी चैन होती है। वह उतना बेचैन रहता है। सासांरिक धन एक ना एक दिन नष्ट होता ही है। किन्तु धर्म से कमाया धन कभी नष्ट नही होता। जब हम धर्म का कार्य करते है तब अनेक बाधायें आती है। किन्तु हम अगर उन बाधाओं को पार कर लेते है। तो परमेश्वर की प्राप्ति का मार्ग प्रस्सत हो जायेगा। जड़भरत की कथा को विस्तार से बताते हुये उनहोनें कहा कि वे केवल प्रभु भक्ति में लीन रहते थे। जब उन्हें मॉ काली के समक्ष बलि देने के लिये लाया गया तब उनकी भक्ति को देखकर मॉ कालि स्वयं प्रकट हो गई और उन्हें आशीर्वाद दिया। श्री शर्मा ने सूर्य गति, नवग्रह गति का वर्णन करते हुये प्रभु के विराट स्वरूप का दर्शन का वर्णन करते हुये 28 नरकों का वर्णन सुनाया। राजा परिक्षित नरकों का वर्णन सुनकर भयभीत हो गये। तब सुकदेव जी ने कहा की इससे उबरने का सबसे सरल उपाय है भगवन नाम संकीर्तन। यह समस्त पापों से मुक्ति दिलाने वाला है। जिस प्रकार रूई के ढेर को एक छोटी सी चिंगारी जलाकर राख कर देती है उसी प्रकार अनेक पापों के ढेर को भगवन नाम संकीर्तन जलाकर नष्ट कर देता है। कथा प्रसंग को आगे बढाते हुये आचार्य श्री ने भगवान विष्णु के पांचवे अवतार वामन अवतार से जुड़ी कथा की विवेचना की। भगवान विष्णु ने बौने ब्राम्हण का रूप धारण करे जन्म लिया । असुरों के राजा बलि ने अपने तपों बल से तीन लोक में अधिकार कर लिया था। वामन देव ने बलि से दान में तीन पग मांगे एक पग में पृथ्वि, दुसरे पग में स्वर्ग नाप लिया। तीसरे पग के लिये कोई जगह नही बची थी तब वामन देव ने बलि के सिर पर अपना तीसरा पग रखा इस दौरान वामन अवतार की सजीव झांकि प्रस्तुत की गई। नरसिंह अवतार की कथा का वर्णन करते हुये श्री शर्मा ने कहा की प्रहलाद के वाणी की रक्षा करने के लिये नरसिंह स्वरूप में खंबें से प्रकट हुये एवं हिरणकश्यप का वध किया। श्री राम जन्म की कथा बताते हुये कहा की जब -जब धरती पर अनाचार एवं अन्याय बढता है तब पृथ्वि पर सर्वजन लोक हितार्थ विविध रूपों में नारायण जन्म लेते है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को श्रीराम के आदर्शो को जीवन में उतारना चाहिये। विषय को आगे बढाते हुये श्री कृष्ण जन्म का सविस्तार वर्णन किया। आज श्री कृष्ण जन्मोत्सव होने के कारण अग्रवाल महिला मंडल द्वारा कथा स्थल को भव्य स्वरूप में गुब्बारों से सजाया गया था। कृष्ण जन्म के प्रसंग के समय सभा गृह में उपस्थित सभी मातृशक्ति भावविभोर होकर नृत्य करने लगी। महिला मंडल ने इस दौरान उपस्थित सभी भक्तों को बधाईयां बांटी। अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल, अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित श्रीमदभागवत महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस कथा श्रवण हेतु जिला कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की माताजी तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती निकीता अग्रवाल उपस्थित हुई। इसी तरह छत्तीसगढ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के संरक्षक श्री नेतराम अग्रवाल, महिला संगठन की प्रांतीय उपाध्यक्ष हेमलता मित्तल सहित अनेक भक्त भिलाई से कथा श्रवण हेतु पधारें।



## ग्राम पंचायत महरूम की सरपंच बनी उत्तरा बाई शेण्डे

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत महरूम व आश्रित ग्राम पतोरा में उतरा बाई शेण्डे



सरपंच पद पर नवनिर्वाचित हुए है। यहां से सरपंच पद के लिए चुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान में रहे , जिसमें दो प्रत्याशी ग्राम महरूम की रही तथा एक प्रत्याशी आश्रित ग्राम पतोरा की थी ग्राम पंचायत महरूम में सरपंच पद के लिए आश्रित ग्राम पतोरा की प्रत्याशी उत्तरा बाई शेंडे की 723 वोटो से शानदार जीत दर्ज की है। बताया भी यह जाता है कि 15 साल के बाद आश्रित ग्राम पतोरा की प्रत्याशी की जीत से पतोरा के ग्रामीण बंधु में विकास की आशा और खुशी लहर है। जीत के बाद विजय जुलूस रूप अपने समर्थकों के साथ दोनो ग्रामों का भ्रमण किया ,जिसमे उत्तरा बाई शेंडे ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बड़े बुजुर्गो और महिलाओं से आशीर्वाद लिया और युवाओं ने अभिषेक से अभिनंदन किया। ग्राम पंचायत महरूम की नव निर्वाचित सरपंच उत्तरा बाई शेण्डे ने सभी ग्रामवासियों एवम् कार्यकताओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि , आप सभी के विश्वास एवम् सहयोग से मुझे यह जिम्मेदारी मिली है। मैं गांव के विकास , शिक्षा, स्वच्छता एवम् महिला सशक्तिकरण के लिए पूरी निष्ठा से काम करूंगी। हम सब मिलकर ग्राम को आदर्श बनायेगे।

# बालकृष्ण, सिन्हा समाज के जिला उपाध्यक्ष मनोनित

**पेण्ड्री मे आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने दिलाई शपथ**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ सिन्हा कलार समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व जिला महामंत्री तथा पूर्व जिला प्रचार प्रसार मंत्री बालकृष्ण सिन्हा को समाज में नवीन रूप से जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना द्वारा उनकी नियुक्ति के बाद रविवार को ग्राम पेण्ड्री में आयोजित जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि नगर के बालकृष्ण सिन्हा, समाज के विभिन्न पदों पर भी पूर्व में रह चुके हैं। वे प्रांतीय युवा मंच में उपाध्यक्ष, अविभाजित छुरिया डोंगरगांव के तहसील सचिव, डोंगरगांव के तहसील सचिव, जिला महामंत्री, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के अलावा गत कार्यकारिणी में जिला प्रचार प्रसार मंत्री का दायित्व संभाल रहे थे। लगभग 30 वर्षों से समाज की सेवा कर रहे श्री सिन्हा को इस बार नवीनतम जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। उनके अलावा सोनकुमार सिन्हा डोंगरगढ़ तथा मोती सिन्हा पेण्ड्री को भी जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। सभी की नियुक्ति जिला अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना द्वारा की गई। नियुक्ति के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाया गया। इस दौरान बतौर विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, समाज के प्रदेश संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा, प्रदेश महामंत्री रिखीराम सिन्हा, छ. ग. पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। श्री सिन्हा को जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर जिला महामंत्री गंगाराम सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष पूनमचंद सिन्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा, महामंत्री देवजी सिन्हा, हरचंद गजेन्द्र, रमेश सोनवानी, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, जिला महिला मंच अध्यक्ष निर्मला जितेन्द्र सिन्हा, युवा मंच अध्यक्ष लुकेश सिन्हा, मंडलेश्वर नाथूराम सिन्हा, भागवत राम सिन्हा, गजरू सिन्हा, फागूराम सिन्हा, गोकुल सिन्हा, सीताराम सिन्हा, थनवार सिन्हा, जनक सिन्हा, हरिशंकर सिन्हा, रेवाराम सिन्हा घुपसाल, जितेन्द्र सिन्हा, पवन सिन्हा, गोवर्धन सिन्हा सहित अन्य सामाजिकजनों ने उन्हें बधाई दी है।

## सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई में मेधावी छात्र सम्मान एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई में मेधावी छात्र सम्मान एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया सरस्वती शिशु मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी छात्र सम्मान एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में सरपंच नारायणी मडावी पूर्व सरपंच श्रीमती क्षत्री वर्मा श्री भुवन दास वर्मा श्री गिरधारी मंडावी श्री रामेश्वर वर्मा एवं हरनसिंघी के सरपंच श्रीमती महेश्वरी यादव सम्मिलित हुए साथ ही कार्यक्रम में समस्त पालक एवं ग्राम के सभी ग्राम प्रमुख सम्मिलित हुए बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया । स्वागत भाषण व्यवशथापक श्री पूरण पटेल ,अध्यक्ष श्री माखन लाल पटेल ने दी एवं आभर उपाध्यक्ष श्रीमती सीता टन्डन ने किया, पिछले सत्र में कक्षा में प्रथम स्थान पर रहे बच्चों को एवं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया ।



# रोजी रोटी के तलाश में मजदूर कर रहे महानगरों की ओर पलायन

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में खरीफ सीजन की धान खरीदी 31 जनवरी को पूरी हो चुकी है। किसानों को भुगतान भी मिल गया। इसके बाद मजदूरी की तलाश में ग्रामीणों ने पलायन शुरू कर दिया। हर साल हजारों श्रमिक रोजगार के लिए महानगरों की और जाते हैं। जिला प्रशासन मनरेगा योजना के तहत 100 दिन का रोजगार दे रहा है। इसके बावजूद मजदूर दूसरे राज्यों में काम की तलाश में जा रहे हैं। केसीजी जिले के 221 पंचायत में 76 हजार 395 जॉब कार्डधारी हैं। इनमें 1 लाख 54 हजार से अधिक सदस्य शामिल हैं। इन्हें साल में 100 दिन गांव में रोजगार दिया जाता है। मजदूरी का भुगतान 15 दिन के भीतर किया जाता है। प्रति व्यक्ति 243 रुपए की मजदूरी दी जाती है। अगर एक परिवार के चार लोग काम करते हैं, तो सभी को समान वेतन मिलता है। जॉब कार्ड की सुविधा भी दी जा रही है, ताकि मजदूर गांव में ही काम करें। इसके बावजूद मजदूर गांव छोड़कर शहरों की ओर जा रहे हैं। इनमें पढ़े-लिखे युवा भी शामिल हैं। पलायन रोकने के लिए श्रम विभाग भी सक्रिय नहीं दिखता। चुनाव खत्म होते ही बस स्टेशन से बड़ी संख्या में मजदूर परिवार सहित दूसरे राज्यों की ओर रवाना हो रहे हैं। गांवों में इनका रिकार्ड भी नहीं रखा जा रहा है।

**बहुतायत में रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे निर्धन ग्रामीण व बेरोजगार युवा**

पलायन करने में सबसे बड़ी संख्या निर्धनता की मार झेल रहे दिहाड़ी मजदूर और बेरोजगार युवाओं की हैं जो रोजगार की तालाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करते हैं। फसल कटने और बिकने के बाद इनकी संख्या और बढ़ जायेगी, ऐसा पलायन को लेकर परंपरागत परिस्तिथियां दिख रही हैं। ज्यादातर परिवार खेतीहर मजदूर हैं, जिनके पास खेत नहीं (भूमिहीन) हैं वे दूसरे के खेत में मजदूरी करते हैं और खेती का सीजन खत्म होने पर दूसरे राज्य कमाने खाने चले जाते हैं। इसके पीछे बड़ी वजह यह भी है कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना की तहत मिलने वाली मजदूरी दर अन्य राज्यों के बड़े शहरों में मिलने वाले मजदूरी की तुलना में काफी कम हैं। यही वजह है कि खेती किसानी के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण पलायन करते हैं। सरकार की योजनाएं और प्रशासन की कवायद भी इन्हें रोक नहीं पाती। खैरागढ़ जिले से अब तक हजारों की संख्या में निर्धनता में रहना बसर करने वाले परिवार कमाने खाने के लिए निकल चुके हैं। पलायन करने वालों में सबसे ज्यादा संख्या साल्हेवारा और जंगल गातापार इलाके की हैं। एक अनुमानित आंकड़े के मुताबिक केसीजी जिले से लगभग 10 हजार से अधिक लोग पलायन कर चुके हैं।

**गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उड़ीसा की ओर होता है पलायन**

पलायन को लेकर जो वास्तविक जानकारी मिल रही है उसके मुताबिक खैरागढ़ जिले के ज्यादातर ग्रामीण गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उड़ीसा की ओर पलायन करते हैं। इनमें अधिकांश ग्रामीण सुरत, मुंबई, हैदराबाद, पुणे, नागपुर, अहमदाबाद, पुरी, जैसे बड़े शहर की ओर काम की तलाश में पलायन कर रहे हैं।

**8 हजार आवास स्वीकृत इनमें दिया जा रहा काम**

जिले में वर्ष 2024-25 में मनरेगा के तहत 20 प्रतिशत काम पूरे हो चुके हैं। नया लक्ष्य अप्रैल में मिलेगा। फिलहाल मनरेगा के तहत ग्रामीणों को पर्याप्त काम नहीं मिल रहा। हालांकि, जिले में करीब 8000 हजार पीएम आवास स्वीकृत हुए हैं, जहां मजदूरों को रोजगार दिया जा रहा है। कुछ गांवों में भूमि समतलीकरण, तालाब और डबरी निर्माण जैसे कार्य चल रहे हैं।

## निधन



**शारदा प्रसाद गुप्ता**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पुराना बस स्टैंड डोंगरगांव निवासी शारदा प्रसाद गुप्ता 88 वर्ष का निधन 2 मार्च को हो गया है उनका अंतिम संस्कार 3 मार्च को किया गया श्री गुप्ता बाजार एरिया में स्थित जूता चप्पल के व्यापारी थे।



**कृष्णा देवी कटकवार**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** चौकीरोड डोंगरगांव निवासी कृष्णा देवी कटकवार 87 वर्ष का निधन 2 मार्च को हो गया है उनका अंतिम संस्कार 3 मार्च को डोंगरगांव मुक्तिधाम में किया गया है।

## धर्म समाचार....

# मार्च महीने में कब है मीन संक्रांति? नोट करें सही डेट एवं शुभ मुहूर्त

ज्योतिषियों की मानें तो मीन संक्रांति के दिन चंद्र ग्रहण लगने वाला है। हालांकि भारत में ग्रहण नहीं दिखाई देगा। इसके लिए सूतक मान्य नहीं होगा। मीन संक्रांति के अगले दिन चैत्र महीने की शुरुआत होगी। चैत्र महीने में राम नवमी मनाई जाती है। राम नवमी के दिन भगवान श्रारीम की पूजा एवं भक्ति की जाती है।

सनातन धर्म में संक्रांति तिथि आत्मा के कारक सूर्य देव को समर्पित है। इस शुभ तिथि पर सूर्य देव की पूजा की जाती है। साथ ही आरोग्य जीवन यानी मानसिक एवं आर्थिक कष्टों से मुक्ति पाने के लिए सूर्य देव की साधना करते हैं। संक्रांति तिथि पर गंगा स्नान कर पूजा, जप-तप एवं दान-पुण्य किया जाता है। सूर्य देव की उपासना करने से करियर संबंधी परेशानी दूर होती है। ज्योतिषियों की मानें तो सूर्य देव के मीन राशि में गोचर करने की तिथि से खरमास की शुरुआत होगी। खरमास के दौरान कोई भी शुभ काम नहीं किया जाता है। इस दौरान सूर्य देव की पूजा की जाती है। आइए, मीन संक्रांति की सही डेट एवं शुभ मुहूर्त जानते हैं-

**सूर्य राशि परिवर्तन**



ज्योतिषीय गणना के अनुसार, सूर्य देव फाल्गुन पूर्णिमा तिथि पर राशि परिवर्तन करेंगे। वर्तमान समय में सूर्य देव कुंभ राशि में विराजमान हैं। वहीं, फाल्गुन पूर्णिमा तिथि पर कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में गोचर करेंगे। सूर्य देव के राशि परिवर्तन करने की तिथि पर मीन संक्रांति मनाई जाएगी। सूर्य देव 14 मार्च को संध्याकाल 06 बजकर 58 मिनट पर मीन राशि में गोचर करेंगे। इस राशि में सूर्य देव 13 अप्रैल तक रहेंगे। इसके अगले दिन सूर्य देव मीन राशि से निकलकर मेष राशि में गोचर करेंगे।

**मीन संक्रांति शुभ मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, 14 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा है। इसी तिथि पर मीन संक्रांति मनाई जाएगी। 14 मार्च को पुण्य काल दोपहर 12 बजकर 39 मिनट से लेकर शाम 06 बजकर 29 मिनट तक है। वहीं, महा पुण्य काल शाम 04 बजकर 29 मिनट से लेकर शाम 06 बजकर 29 मिनट तक है। वहीं, पुण्य क्षण शाम 06 बजकर 59 मिनट पर है। इस दौरान साधक स्नान-ध्यान कर सूर्य देव की पूजा कर सकते हैं।

मीन संक्रांति शुभ योग मीन संक्रांति पर शिववास योग का संयोग बन रहा है। शिववास योग दोपहर 12 बजकर 23 मिनट से है। इस समय देवों के देव महादेव कैलाश पर मां गौरी के साथ रहेंगे। इसके साथ ही उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र का संयोग है। वहीं, बव एवं बालव करण के योग हैं।

**पंचांग**

सूर्योदय - सुबह 06 बजकर 32 मिनट पर सूर्यास्त - शाम 06 बजकर 29 मिनट पर चन्द्रोदय- शाम 06 बजकर 38 मिनट पर चंद्रास्त- नहीं ब्रह्म मुहूर्त - सुबह 04 बजकर 55 मिनट से 05 बजकर 44 मिनट तक विजय मुहूर्त - दोपहर 02 बजकर 30 मिनट से 03 बजकर 18 मिनट तक गोधूलि मुहूर्त - शाम 06 बजकर 26 मिनट से 06 बजकर 51 मिनट तक

## न्याय के देवता शनिदेव ने बदली अपनी चाल, इन राशियों के जीवन में होगा नया सवेरा




ज्योतिषियों की मानें तो चैत्र अमावस्या के दिन शनिदेव राशि परिवर्तन करेंगे। इस दिन साल का पहला सूर्य ग्रहण भी लगेगा। सूर्य ग्रहण के दौरान शुभ काम नहीं किया जाता है। चैत्र अमावस्या के दिन देवों के देव महादेव की पूजा करने से मनचाही मुराद पूरी होती है। साथ ही जीवन में सुखों का आगमन होता है। मार्च का महीना कई राशि के जातकों के लिए शुभ रहने वाला है। शनिदेव के राशि परिवर्तन करने से कई राशि के जातकों को शनि की बाधा से मुक्ति मिलेगी।

**कब करेंगे शनिदेव राशि परिवर्तन ?**- न्याय के देवता शनिदेव चैत्र अमावस्या के दिन राशि परिवर्तन करेंगे। वर्तमान समय में शनिदेव कुंभ राशि में गोचर करेंगे। चैत्र अमावस्या के दिन यानी 29 मार्च को शनिदेव कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में गोचर करेंगे। शनिदेव के मीन राशि में गोचर करने के साथ ही मकर राशि के जातकों को साढ़ेसाती से मुक्ति मिलेगी। वहीं, मेष राशि के जातकों पर साढ़ेसाती शुरू होगी। वहीं, विनायक चतुर्थी से एक दिन पहले शनिदेव ने पूर्वाभाद्रपद के तीसरे चरण में गोचर किया है।

**तुला राशि**- तुला राशि के स्वामी सुखों के कारक शुक्र देव हैं। वहीं, तुला राशि में शनिदेव उच्च होते हैं। इसके लिए तुला राशि के जातकों पर अपनी विशेष कृपा बरसाते हैं। शनिदेव की चाल बदलने से यात्रा के योग बन रहे हैं। मन में चंचलता भरी रहेगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। शत्रुओं पर जीत हासिल होगी। धर्म-कर्म में रूचि बढ़ेगी। शनिदेव की कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से करियर और कारोबार में मनमुताबिक सफलता मिलेगी। धन संपत्ति में बढ़ोतरी होगी।।

**वृषभ राशि**- शनिदेव की कृपा से वृषभ राशि के जातकों को जीवन में मनमुताबिक सफलता मिलेगी। शुभ कामों में सफलता मिलेगी। स्वभाव में विनम्रता आएगी। करियर में बदलाव देखने को मिलेगा। प्रमोशन के योग हैं। रुके काम में गति आएगी। शत्रुओं को परास्त करने में सफल होंगे। विदेश यात्रा के भी योग हैं। हालांकि, गलत काम करने से शनिदेव की कुदृष्टि पड़ सकती है। समाज सेवा में मन लगेगा।

# बजट में भाजपा व कांग्रेस प्रतिनधियों की अलग-अलगविचारधाराएं...

## साय सरकार का बजट निराशाजनक- विभा साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कांग्रेस नेत्री एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार के आम बजट पर



प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे निराशाजनक बजट बताया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का हवाला देकर महिलाओं को 500 रूपए में गैस सिलेंडर देने की योजना हेतु कोई प्रावधान नहीं किया गया है। रानी दुर्गावती योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार में बालिका के जन्म पर डेढ़ लाख रुपए का आश्वासन प्रमाण पत्र का प्रावधान बजट से गायब है। दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना सहित छात्रों को कॉलेज आनेजाने के लिए डीबीटी के माध्यम से मासिक ट्रैवल एलाउंस की भी प्रावधान इस बजट में नहीं है। शक्तिपीठ योजना का जिक्र इस बजट से गायब है।

सरकार तुम्हर द्वार अंतर्गत डेढ़ लाख बेरोजगार युवकों को रोजगार देने की बात करने वाली भाजपा सरकार ने इस बजट में यह प्रावधान भी नहीं रखी है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में मुक्तिधाम एवं दशगात्र घाट निर्माण करने की मोदी की गारंटी में बात कही गई थी, उसका भी प्रावधान इस बजट में नहीं है। गरीब श्रेणी के छात्र इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कानून व सीए, प्रोफेशनल शिक्षा के लिए 50 प्रतिशत छात्रवृत्ति का भी बजट प्रावधान नहीं किया गया है श्रीमती साहू ने कहा है कि साय सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा दूसरी बार प्रस्तुत बजट बेहद निराशाजनक है।

## छत्तीसगढ़ को दुर्गति की ओर धकेलने वाला थोथा बजट- छन्नी साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ की झूठी सांय सांय भाजपा सरकार ने अपना दूसरा बजट पेश किया और ये बजट भी भाजपा सरकार के



झूठे वादों की तरह आम जनमानस को ठगने वाला साबित हुआ। उक्त बातें खुज्जी विधानसभा की पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा। उन्होंने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के युवाओ के भविष्य को अंधकार में ले जाने वाला बजट है जिसमे कहीं भी 1 लाख पदों पर भर्ती का जिक्र ही नही है । छन्नी ने कहा कि यह बजट किसान विरोधी बजट है किसानो को भारत सरकार द्वारा धान पर 117 रुपए की बढ़ोतरी का लाभ नहीं देना और राजीव गांधी न्याय योजना का चौथी किस्त का भुगतान नहीं करना सरकार के किसान विरोधी चेहरे को दर्शाता है।

## साय सरकार का बजट जनता के लिए छलावा - नीरज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे कहा है कि साय सरकार द्वारा पेश बजट 2025



जनता के लिए पूरी तरह छलावा है। इसमें आंकड़ों और शब्दों का मायाजाल हैं। जिसे जनता समझती है। सच्चाई तो यह है पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के वार्षिक बजट से जनता बहुत आकर्षित होती थी और वास्तविक धरातल पर काम किया जाता था। भूपेश सरकार की कई योजनाओं को बंद करके इस सरकार ने जनता को तकलीफ में डाल दिया है और अब बजट के नाम पर आंकड़ों और शब्दों का भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह कर रही है। प्रदेश में 18 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है यह बात बजट में जानकर जनता क्या करेगी। जनता को तो भूपेश सरकार की तरह हाफ बिजली योजना पसंद है। जो नहीं दी गई है रायपुर में पहले 6 फ्लाइट आया करती थी अब 76 फ्लाइट आती है इससे गरीबों का क्या फायदा होगा। बजट में 14 मेडिकल कॉलेज गिनाया जा रहा है लेकिन डॉक्टर कहां कितने हैं कहां डॉक्टर की कमी दूर की जा रही है यह नहीं बताया जा रहा है। शासकीय कर्मचारी की संख्या चार लाख पहुंच गई है यह बताकर क्या संदेश देना चाहती है। सरकार को चाहिए कि शासकीय कर्मचारियों की समस्या दूर करने योजना सामने लाएं।

## महिलाओं एवं किसानों को शक्ति प्रदान करने वाला बजट : कृष्णा साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णा साहू ने



आज बजट मे वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा बजट पेश किया गया जिसमें अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों को खेती करने में सहायता एवं उनके विकास के लिए बजट में प्रावधान किया गया है साथ ही साथ महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हमारी माताओ के लिए प्रति माह 500 रुपए अतिरिक्त प्रावधान कर महिलाओं को आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए बहुत ही लाभकारी होने वाला बजट है। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कई बड़े ऐलान किए.वित्त मंत्री ने किसानों को तोहफा देते हुए कहा कि आगामी वर्ष के लिए भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए 600 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में अब दलहन और तिलहन के फसलों की खरीदी एम एसपी पर की जाएगी इसके लिए 80 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

# गरीब-युवा-किसान-नारी के कल्याण से परिपूर्ण बजट - मधुसूदन यादव

### मुख्यमंत्री नगरोत्थान के तहत राजनांदगांव निगम का होगा पृथक विकास

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नवनिर्वाचित महापौर एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने छ.ग. सरकार के बजट की दिलखोल कर प्रशंसा की है। उनके अनुसार साय सरकार का बजट उनकी उम्मीदों से भी बढ़कर है। मुख्यमंत्री सहित वित्तमंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने ऐसे पहलूओं को छुआ है, जिससे आगामी एक वर्ष में ही प्रदेश के गरीब, युवा, किसान तथा नारी कल्याण उत्थान में दिखाई देगा। छ.ग. निर्माता भारतरत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी की जन्मशती वर्ष को अटल निर्माण वर्ष घोषित कर सच्ची श्रद्धांजली दी गई है। बजट के महत्वपूर्ण बिन्दुओं का उल्लेख करते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से पूर्व सरकार द्वारा वंचित किए गए प्रदेश के 18 लाख हितग्राहियों को शर्तो में सरलीकरण कर आवास प्रदाय हेतु 8500 करोड़ रू., 20 हजार से अधिक भर्तियां, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर



**राजनांदगांव में नालंदा परिसर**

**डोंगरगढ़ में पुल तथा मां बम्लेश्वरी की परिक्रमा पथ का निर्माण**

योजना हेतु प्रदेश में 200 करोड़, अन्नदाताओं के वित्तीय विकास हेतु दलहन-तिलहन की एम.एस.पी. पर खरीदी की जाएगी। 17 नए नालंदा परिसरों की स्वीकृति में राजनांदगांव का शामिल होना तथा डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी का परिक्रमा पथ व पुल निर्माण स्वीकृती जिले के लिए उपलब्धि है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष एंव राजनांदगांव विधायक माननीय डॉ. रमन सिंह जी का अभूतपूर्व योगदान है। शिक्षा व स्वास्थ्य पर 12 से 15 प्रतिशत राशि में वृद्धि उत्साहजनक है, जिसमें अस्पतालों में नवीन व आधुनिक मशीनों की उपलब्धता में वृद्धि होगी। नगरीय उत्थान हेतु 1500 करोड़ के प्रावधान में राजनांदगांव की उपलब्धता निश्चित ही अन्य स्थानों से अधिक होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट उम्मीद से बढ़कर अभूतपूर्व है, जिसमें किसी भी प्रकार के विकास से वंचित होने की गुंजाइश नहीं है। ऐसे अभूतपूर्व बजट के लिए माननीय विष्णुदेव साय जी, माननीय ओ.पी.चौधरी जी सहित माननीय डॉ. रमन सिंह जी के आभारी हैं।

## संस्कृति के संरक्षण एवं विकास हेतु समर्पित हमारी भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार - खूबचंद पारख

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय परिषद के सदस्य खूबचंद पारख ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बजट में प्रस्तावित मुख्य बिंदु के क्रियान्वयन से छत्तीसगढ़ की कला और युवाओं के कौशल का तेजी से विकास होगा। बजट में हरिद्वार,पुरी, द्वारिका, सारनाथ, सबरीमाला, श्रवणबेलगोला, वैष्णो देवी,स्वर्ण मंदिर, इत्यादि धार्मिक स्थानों की यात्रा के लिए तीर्थ यात्रा योजना के तहत 15 करोड़ का प्रावधान किया गया है।श्री पारख ने कहा कि बमलेश्वरी की परिक्रमा पथ के निर्माण से डोंगरगढ़ सहित राजनंदगांव के पर्यटन का विस्तार होगा और इससे जिले के व्यापार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।



श्री पारख ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के सपनों को साकार करती प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की जोड़ी नदी जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इंद्रावती और गोदावरी नदी के साथ छत्तीसगढ़ के अन्य नदियों को जोड़ने सर्वे कार्य के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। वहीं हमारी सरकार अटल सिंचाई योजना लागू करने जा रही है जिसके माध्यम से 5000 करोड़ खर्च करके एक लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। पारख ने छ.ग. सरकार के बजट की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए बताया कि बजट में व्यापारियों के हित का भी ध्यान रखा गया है, इस हेतु छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय हेतु नया रायपुर अटल नगर में रियायती दर में भूमि का प्रस्ताव बजट में किया गया है, जिसका वे हृदय से स्वागत करते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से पूर्व सरकार द्वारा वंचित किए गए प्रदेश के 18 लाख हितग्राहियों को शर्तो में सरलीकरण कर आवास प्रदाय हेतु 8500 करोड़ रू., 20 हजार से अधिक भर्तियां, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना हेतु प्रदेश में 200 करोड़, अन्नदाताओं के वित्तीय विकास हेतु दलहन-तिलहन की एम.एस.पी. पर खरीदी की जाएगी। 17 नए नालंदा परिसरों की स्वीकृति में राजनांदगांव का शामिल होना तथा डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी का परिक्रमा पथ व पुल निर्माण स्वीकृती जिले के लिए उपलब्धि है, शिक्षा व स्वास्थ्य पर 12 से 15 प्रतिशत राशि में वृद्धि उत्साहजनक है, जिसमें अस्पतालों में नवीन व आधुनिक मशीनों की उपलब्धता में वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट उम्मीद से बढ़कर अभूतपूर्व है, जिसमें किसी भी प्रकार के विकास से वंचित होने की गुंजाइश नहीं है.।

## निगम में अवकाश के दिनों में भी राजस्व वसूली

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुये एवं शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व कर की प्राप्ति के लिये निगम सीमांतर्गत सम्पत्तिकर,समेकितकर,जलकर एवं दुकान किराया की वसूली को दृष्टिगत रखते हुये निगम कार्यालय अवकाश के दिनों में भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में चालू रहेगा। वित्तय वर्ष 2024-25 में राजस्व वसूली शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नही होने पर कलेक्टर व प्रशासक श्री संजय अग्रवाल एवं आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर कर दाताओं की सुविधा हेतु कर की राशि जमा करने समस्त अवकाश के दिनों में (होली को छोडकर) राजस्व कार्यालय खुला रहेगा। राजस्व कार्यालय में राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सभी राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित रहेगे। उपायुक्त श्री मोबिन अली ने कहा कि कर का भुगतान समय सीमा में नहीं करने पर अधिभार सहित बकाया कर की वसूली की जावेंगी।

## छत्तीसगढ़ की चहुंमुखी विकास के लिए बहुवर्ग हितैषी बजट - राजेश गुप्ता अग्रहरि

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश के विष्णु देव साय सरकार के वित्त मंत्री ओ पी चौधरी द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत सन् 2025 - 26 के बजट को जन हितकारी एवं बहुवर्गीय हितैषी बजट बताते हुए,भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री राजेश गुप्ता अग्रहरि जी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को देश के कवि हृदय प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई ने ही बनाया था और इसे भाजपा ही संवारेगा, इसे ध्यान में रखते हुए वित्त मंत्री ओ पी चौधरी द्वारा प्रस्तुत यह हस्त लिखित बजट गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं, युवाओं, सहित हर वर्ग के लोगों का उत्थान की चिंता करने वाला बजट बताते हुए है कहा कि उत्थान के लिए करोड़ों रुपयों के प्रावधान किए गए हैं, इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, कृषि, व्यवस्था क्षेत्र कैसे फले- फूले इसको ध्यान रखा गया है। श्री अग्रहरि ने कहा कि बजट में सबसे पहले प्रदेश की आधी जनसंख्या नारियों के लिए महतारी वंदन की राशि से सीधे बढ़ोतरी कर डेढ़ गुना कर दिया गया है वहीं महतारी समृद्धि के लिए 50 करोड़, महिला एवं बाल विकास के लिए 5 हजार 5 करोड़, कांग्रेस सरकार में पीएम मकान से वंचित रहे 18 लाख गरीबों के लिए पीएम आवास बनाए जाने, ग्रामीण विकास के लिए 8, 500 करोड़ के प्रावधान, पिछड़ी जाति के लिए 300 करोड़, स्वास्थ्य के क्षेत्र में 77 लाख 20 हजार लोगों के लिए 1500 करोड़ का प्रावधान, सरकारी



हास्पीटलो को हाईटेक बनाने के लिए करोड़ों रुपए का प्रावधान किया जाना प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार का छत्तीसगढ़ के लोगों की न केवल स्वास्थ्य के लिए शिक्षा, कृषि खेल व लोगों की, सुरक्षा की भी चिंता को दर्शाता है। श्री अग्रहरि ने कहा कि प्रदेश सरकार के इस बजट में पेट्रोल डीजल में वेट टेक्स में कमी लाकर लोगों को एक रुपए की राहत दी है। इसी तरह स्टाम्प ड्यूटी में लगने वाले उपकर की समाप्ति व 5 नए साइबर थाना तथा खेल को बढ़ावा देने के लिए 10 करोड़ के छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रावधान, शहरों को सुनियोजित व सर्वांगीण विकास के लिए 500 करोड़ का प्रावधान, अमृत मिशन योजना के तहत स्वच्छ जल के लिए 744 करोड़, तथा गरीब बेघर लोगों के लिए उन्हें आवास मुहैया करा कर गृह प्रवेश सम्मान योजना के लिए 100 करोड़ रुपए, ग्राम गौरव पथ के लिए 100 करोड़, समग्र विकास योजना के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया जाना हर वर्ग की बढ़ोतरी की चिंता को दर्शाता है। श्री अग्रहरि ने कहा कि वित्त मंत्री ओ पी चौधरी द्वारा प्रस्तुत सन् 2025- 26 के 1 लाख 65 हजार करोड़ वाले बजट में कोई भी नया कर नहीं लगाया गया है। वहीं पत्रकारों के लिए पत्रकार सम्मान योजना में 10 से बढ़ाकर 20 हजार व एक्स्पोज़र के लिए 1 करोड़ का प्रावधान किया जाना कर चौथे स्तंभ की चिंता भी इस बजट में लाई गई है।

## प्रदेश के चहुमुखी विकास के लिये संकल्पित बजट - नीलू शर्मा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा प्रदेश भाजपा नीलू शर्मा ने



वित्त मंत्री जी द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट की प्रशंसा करते हुए कहा है कि इस बजट में प्रदेश के चहुँमुखी विकास की झलक स्पष्ट प्रदर्शित होती है। विभिन्न मदो में सुनियोजित बजट प्रावधानो के द्वारा प्रदेश के सर्वोन्मुखी विकास को गतिशीलता प्रदान करने की रूपरेखा गढ़ी गई है। विभिन्न 20 विभाग में 10 हजार से अधिक भर्तियों का प्रावधान किया गया, 26 करोड़ रुपए का प्रावधान सीएम कौशल विकास योजना के लिए किया गया है, स्कूल शिक्षा में जल्द शिक्षकों की भर्ती की जाएगी, बजट में निफ़्ट इंस्टीट्यूट के निर्माण का प्रावधान किया गया है, 12 से अधिक नर्सिंग कॉलेज बनाने का बजट में प्रावधान किया गया है, जिससे पूरे प्रदेश में कुल 20 नर्सिंग कॉलेज छत्तीसगढ़ में हो जाएगी। प्रदेश में 6 नए फिजियोथैरेपी कॉलेज की स्थापना की जाएगौं।

## बजट में सिर्फआंकड़े समस्याओं का समाधान नहीं - भागवत साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कांग्रेस ग्रामीण के जिला



अध्यक्ष भागवत साहू ने कहां की शायद सरकार द्वारा पेश बजट 2025 बजट में सिर्फ आंकड़े आम जनता की समस्याओं का समाधान नहीं है।पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार की कई योजनाओं को वर्तमान भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है क्योंकि भूपेश सरकार की योजनाएं आम जनता के हित मे था। भाजपा सरकार ने कई योजनाओं को बंद कर आम जनता को तकलीफमें डाल दिया है। बजट में मध्यम वर्गीय परिवार के लिए कुछ नहीं है नौजवान युवाओं के लिए बजट में कोई भी रोजगार का जिक्र नहीं किया गया है। महिलाओं को भी बजट में कुछ नहीं मिला।

## साय सरकार का बजट सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी - मो. इरफान शेख

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख और उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ ने



सामवेद तौर पर कहां कि मुख्यमंत्री विष्णु साय नीत भाजपा सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश बजट 2025 में सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी और खुश करने वाला बजट है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने की कड़ी में विकसित छत्तीसगढ़ के स्वप्न को साकार करने वाला बजट है। साय सरकार के इस दूसरे बजट से छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति मिलेगी। यह बजट सभी वर्ग को फीलगुड कराने वाला बजट है।छत्तीसगढ़ अमृतकाल के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में अग्रसर होगा। दक्ष मानव संसाधन के लिए दस करोड़ का प्रावधान, युवाओं को रोजगार मिलेंगे। राजस्व विवादों को रोकने, डिजिटल नवाचार को प्रोत्साहन देने पर फोकस किया गया है। ठेकेदार, सप्लायर, सेवा प्रदाता को निश्चित समय पर भुगतान पर फोकस किया गया है।

## बजट से विकास की गति अब होगी तेज - शिव वर्मा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री विष्णु साय नीत भाजपा सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश बजट 2025 पर प्रसन्नता



व्यक्त करते हुए पूर्व निगम अध्यक्ष शिव वर्मा ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने की कड़ी में विकसित छत्तीसगढ़ के स्वप्न को साकार करने वाला बजट है। साय सरकार के इस दूसरे बजट से छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति मिलेगी। प्रदेश के स्कूलों और महाविद्यालयों में 20 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। क्करू श्री स्कूल योजना के लिए 277 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।आगामी वर्ष के लिए भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए 600 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में अब दलहन और तिलहन के फसलों की खरीदी एमएसपी पर जाएगी। इसके लिए 80 करोड़ का प्रावधान किया गया है।ठेकेदारों को समय पर भुगतान किया जाएगा इससे ठेकेदारों में प्रसन्नता व्याप्त है।राजस्व विवादों को रोकने डिजिटल नवाचार को प्रोत्साहन दिया जाएगा। दक्ष मानव संसाधन के लिए 10 करोड़ का प्रावधान है।

## बजट पर प्रतिक्रिया, सर्वहित में है बजट - गंगवानी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ सरकार के वर्ष 2025-26 के बजट पर छत्तीसगढ़ यूथ फॉर वेलफेयर



एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश गंगवानी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट सर्वहित का बजट है इसमें सबका साथ सबका विकास की बात कही गई है इस बजट में छात्रों की पढ़ाई को और रोचक बनाने और उन्हें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु अनुकूल माहौल देने के लिए 17 और गनालंदा लाइब्रेरीज्ज् खोली जाएंगी। विज्ञान में रुचि रखने वाले बच्चों के लिए बस्तर और सरगुजा में मोबाइल साइंस लैब शुरू की जाएगी सरकार अब गमुख्यमंत्री मोबाइल टॉवर योजनाज्ज् लेकर आई है, जिससे जंगलों और पहाड़ों में बसे गांवों में भी मोबाइल का नेटवर्क मिलेगा। इससे बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई कर सकेंगे द्य छत्तीसगढ़ के शहरों को और सुंदर और आधुनिक बनाने के लिए सरकार कई बड़े प्रोजेक्ट्स ला रही है: नवा रायपुर में मेडिसिटी एक ऐसा शहर जहाँ सबसे अच्छे अस्पताल होंगे।

## हमने बनाया है हम ही संवारेंगे ध्येय वाक्य को चरितार्थ करने वाला सर्व समावेशी बजट कोमल सिंह राजपूत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर राजनांदगांव भाजपा के जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा इस बजट को भाजपा के ध्येय वाक्य हमने बनाया है हम ही संवारेंगे को चरितार्थ करने वाला बजट बताया है। श्री राजपूत ने बजट 2025 को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार में छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिस कल्पना और विचार को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया था उस उद्देश्य की पूर्ति करते हुए साय सरकार विकास के पथ पर अब दौड़ने लगी है। आज का बजट बताता है कि हमने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस के कालातीत काल से निकाल कर आगे बढ़ाने का कार्य किया है। कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ और विशेषकर राजनांदगांव विकास के मार्ग से भटक गई थी । छत्तीसगढ़ भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया था। ऐसे में विकास कार्यों के लिए इस बजट में करोड़ों का प्रावधान किया गया है। इससे स्पष्ट है कि हमने ही बनाया है और हम ही संवार रहे हैं। श्री राजपूत ने



कहा कि राजनांदगांव में नालंदा परिसर जिसका जिक्र पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने किया था, जिसे बजट में शामिल किया गया है इस परिसर के निर्माण से हजारों युवाओं को ई लाइब्रेरी की सुविधा निशुल्क उपलब्ध होगी। इसी तरह से डोंगरगढ़ में पुल तथा मां बमलेश्वरी की परिक्रमा पद का निर्माण भी स्वागत योग्य है मुख्यमंत्री नगरोंउत्थान के तहत राजनांदगांव निगम का पृथक विकास का प्रयास भी स्वागतयोग्य है।कोमल सिंह राजपूत ने बजट को लेकर कहा कि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार देने के दिशा में हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में बस्तर फाइटर्स का कार्य सराहनीय रहा है। और इस बात को ध्यान में रख विष्णुदेव साय सरकार ने 3200 अतिरिक्त फाइटर्स के पदों का सृजन का प्रावधान इस बजट में किया है। जिससे बस्तर एवं राजनांदगांव के युवाओं को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। कांग्रेस के पिछले पांच वर्षों में प्रदेश में एक भी नर्सिंग कॉलेज नही बना, हमारी भाजपा सरकार ने एक और नर्सिंग कॉलेज के साथ अब इस तरह प्रदेश में कुल 12 नए नर्सिंग कॉलेज बनने जा रहा है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com